चीनी मिल ने गन्ना सर्वे में लगाई 60 टीमें

गोला गोकर्णनाथ-खीरी । बजाजचीनी मिल द्वारा अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव-गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही चोटी बेधक कीट नियंत्रणके लिए कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बजाज चीनी मिलद्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सभी टीमों को निर्देशित किया गयाहै कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें। सर्वेक्षण के समय सही गन्ना प्रजाति पेड़ी पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें। जो किसान गन्ना समिति के सदस्य नहीं हैं, वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये।

गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी द्वारा पचतौर, कबीरधाम व मुश्की गांव में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई-गुड़ाईव उचित देखभाल नहीं किया गया है। जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर-पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है, जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है, ऐसी स्थिति में गुड़ाई जुताई आवश्यक है।

बजाज चीनी मिल गोष्ठी के माध्यम से किसानों को कर रही जागरूक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बजाज चीनी मिल द्वारा अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव - गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है और चोटी बेधक कीट नियंत्रण के लिए कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

बजाज चीनी मिल द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है । सभी टीमों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें ।सर्वेक्षण के समय सही गन्ना प्रजाति पेड़ी - पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें ।जो किसान गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये । गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी. एस. चतुवेर्दी द्वारा पचतौर, कबीरधाम व मुश्की गांव में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई - गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है ।जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर - पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है, जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है । ऐसी स्थिति में गुडाई जुताई आवश्यक है।

गन्ना सर्वेक्षण के लिए लगीं 60 टीमें

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः बजाज मिल ने 60 टीमें लगाकर 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। टीम किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने के गुर भी बता रही है। इस दौरान चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने खेतों में लगाया गया है। गोष्ठी में किसान भाइयों से अपील की गई है कि अपने खेतों में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें । यदि कहीं कोई कीट, बीमारी है तो चीनी मिल के कर्मचारियों को तत्काल सूचना दे उसका तुरन्त निदान कराया जायेगा।

सभी टीमों को प्रतिदिन 20 हेक्टेअर. गन्ने की नाप कर 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया गया है। बताया गया कि सर्वेक्षण के समय सही गन्ना प्रजाति पेड़ी - पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें। जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं हैं वे 30 सितम्बर तक सदस्य बन जायें । मोबाइल नंबर,. बैंक खाता संख्या, घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें।

गन्ना सर्वेक्षण कर गन्ना किसानों को जागरूक करती टीम।

- **गन्ने की अच्छी उपज लेने के लिए किसानों को किया जागरूक**

चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने ग्राम पचतौर, कबीरधाम, मुश्की में किसान गोष्ठी कर बताया कि कुछ खेतों में जुताई गुड़ाई, उचित देखभाल नहीं की गई जिससे खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना आवश्यक है। गुडाई करने से कल्लों का फुटाव अधिक होगा। खर पतवार होने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक हो जाता है, जिससे पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है। गुड़ाई - जुताई के उपरान्त खरपतवार सूख जाने पर सिंचाई कर एनपीके 12:32:16 अथवा 19:19:19 का घोल बनाकर छिड़काव करें। ऐसा करने से पेड़ी गन्ने की पैदावार अच्छी प्राप्त होगी । गोष्ठी में एसीडीओ दीपक सिंह, जोन ईंचार्ज आदि मौजूद रहे।